सैफ अंडर-18 महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

चर्चा में क्यों?

15 मार्च, 2022 को झारखंड की मेज़बानी में जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सैफ अंडर- 18 **(SAFF U-18)** महिला फुटबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

प्रमुख बिंदु

- टूर्नामेंट का उद्घाटन राज्य के खेल और पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय ने संयुक्त रूप से किया।
- राज्य सरकार, राष्ट्रीय फुटबॉल फेडरेशन और टाटा स्टील के संयुक्त तत्वावधान में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के बाद पहली बार सैफ अंडर- 18 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप की मेज़बानी झारखंड को मिली है।
- 15 से 25 मार्च तक आयोजित चैंपियनशिप में तीन देश-भारत, नेपाल और बांग्लादेश के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं ।
- सैफ अंडर-18 महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम में झारखंड की 6 खिलाड़ियों- अमीषा बाखला, अस्तम उरांव, सुनीता मुंडा, अनिता कुमारी, नीतू लिंडा और पूर्णिमा कुमारी का चयन हुआ है।
- प्रतियोगिता का पहला मैच भारत और नेपाल के बीच खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने नेपाल को 7-0 से हराकर अपने सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप अभियान की धमाकेदार शुरुआत की।
- प्रतियोगिता के सभी मैच में लोगों के लिये निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान किया गया है, ताकि ज़्यादा-से-ज़्यादा लोग मैच देख सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/saif-u-18-women-s-football-tournament